दिन– बुधवार दिनांक– 18/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

निर्वाचन आयोग ने आज बिहार समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। चुनाव की अधिसूचना छब्बीस फरवरी को जारी होगी। नामांकन पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान सोलह मार्च को कराया जाएगा। नौ अप्रैल को राज्य के पांच सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इनमें जदयू कोटे के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और अमरेन्द्रधारी सिंह तथा रालोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के नाम शामिल हैं।

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही आज बारहवें दिन सुचारू ढंग से चल रही है। विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल सुचारू रूप से चला। विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने प्रश्न रखें और संबंधित मंत्रियों ने जवाब दिया। हालांकि शून्य काल में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा राजद विधायकों द्वारा आरक्षण की सीमा पचासी प्रतिशत किये जाने से संबंधित कार्यस्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार किये जाने के बाद थोड़ी देरे के लिए हंगामे की स्थिति बनी। विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। वहीं, नालंदा के अस्थावां से विधायक जितेन्द्र कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग में ब्लैकलिस्टेड ठिकेदार को विभागीय टेंडर दिये जाने का मुद्दा उठाया। इसे लेकर मंत्री के जवाब से असंतुष्ट सदस्यों ने टोका–टोकी भी की। सदन में आज शराबबंदी का मामला फिर उठा। कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन ने शराबबंदी नीति पर सवाल उठाते हुए इसे असफल बताया। इधर, विधान परिषद में आज शशि यादव ने मैट्रिक परीक्षा देने से बंचित रही छात्रा के आत्महत्या का मामला उठाया। जिसपर समुचित उत्तर नहीं मिलने की शिकायत के साथ विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन आज पहली पाली में गणित विषय की परीक्षा ली गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्वक

परीक्षा का आयोजन किया गया। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है। इससे पहले, कल परीक्षा के पहले दिन प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये नौ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने होंगे। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद में खेला जायेगा। भारत पहले ही ग्रुप ए से सुपर एट के लिए क्वालिफाई कर चुका है। इधर, ग्रुप–ए के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान का मुकाबला नामिबिया से होगा। यदि पाकिस्तान यह मैच हार जाता है, तो प्रतियोगिता से बाहर होने की संभावना अत्यंत बढ़ जाएगी। वहीं, इस समय दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में यूनाईटेड अरब अमीरात और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला जा रहा है।

———————————————————————

इस्लामिक कैलेंडर का पवित्र महीना रमजान का चाँद आज देखे जाने की संभावना है। इमारत–ए–शरिया, इदार–ए–शरिया समेत प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संस्थानों ने लोगों से आज चाँद देखने की अपील की है। यदि आज चाँद दिखता है, तो कल पहला रोजा होगा। यदि चाँद नहीं दिखा, तो बीस फरवरी को पहला रोजा रखा जाएगा। सभी संगठनों ने चाँद देखे जाने की सूचना देने और प्राप्त करने के लिए अपना मोबाईल नम्बर भी जारी किया है।

———————————————————————

शेखपुरा की पोक्सो अदालत ने नाबालिग युवती को जबरदस्ती अनैतिक कार्यों में ढकेलने के मामले में दोषी को दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————

गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी से पुलिस ने बच्चियों की खरीद कर उनकी जबरन शादी कराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के दो सदस्य मौके से फरार हो गए।

———————————————————————

समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी ने आज पटना के दानापुर में जिले का पहला हाईटेक कामकाजी महिला छात्रावास का उद्‌घाटन किया। इस छात्रावास में पचहत्तर हजार रुपये से कम मासिक आय वाली निजी या सरकारी क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं रह सकेंगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।